आकाशवाणी शिमला
13.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

उपराष्ट्रपति बाइक रैली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम से हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राम मोहन नायडू किंजारापु, किरेन रिजिजू और मनसुख मांडविया उपस्थित थे। ये रैली मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में ख़त्म हुई। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के हर घर में तिरंगा लहराना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब एक आंदोलन बन गया है, करोड़ों लोग अपने–अपने घरों पर तिरंगा फहरा रहे हैं। हर घर तिरंगा देश की स्वतंत्रता, गौरव और विकसित भारत के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि तिरंगा देश का गर्व है, जो देश को एक सूत्र में बांधता है।

तिरंगा

इधर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार उत्तर सांस्कृतिक क्षेत्र केंद्र पटियाला और भाषा व संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिमला स्थित ऐतिहासिक गेयटी थियेटर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान तिरंगा शपथ भी दिलाई गई और बाद में सीटीओ चौक से एजी चौक तक शिमला जिला के सौ से अधिक लोक कलाकारों व रंगमंच के कलाकारों के माध्यम से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आर.बी.आई. की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री कल शाम शिमला में उनसे मिलने आए भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में हो रही प्रगति के अलावा हिमाचल प्रदेश में वित्तीय साक्षरता और समावेशन में सुधार के उद्देश्य से शुरू की गई विभिन्न पहलों के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने वित्तीय स्थिरता और आर्थिक विकास के लिए आर.बी.आई. द्वारा अटूट प्रतिबद्धता के साथ किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिले के टापरी में विश्व के पहले जियो थर्मल तकनीक से बनने वाले सी.ए. स्टोर की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सी.ए. स्टोर से जिले के बागवानों को सस्ती दरों पर भण्डारण की सुविधा उपलब्ध होगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि आईसलैंड व प्रदेश सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया जिसके बाद इस सी.ए. स्टोर की आधारशिला रखी गई है। बागवानी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश सहित जनजातीय क्षेत्रों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इस अवसर पर आईसलैंड के एमबैसडर सहित जियो थर्मल के वैज्ञानिक और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह इस बार कांगड़ा ज़िला के देहरा विधानसभा क्षेत्र के भुवनेश डोगरा स्टेडियम में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इधर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला के रिज मैदान पर आयोजित होने वाले ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसी तरह विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सोलन, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल हमीरपुर, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ऊना, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान लाहौल स्पीति, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी किन्नौर, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर चंबा, ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह, सिरमौर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कुल्लू, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मंडी और आयुष मंत्री यादविंदर गोमा बिलासपुर में ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस बीच शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पुलिस, होमगार्ड व एनसीसी कैडेट्स परेड की रिहर्सल कर रहे हैं। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि समारोह को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं और समारोह में हर वर्ष 10 से 12 टुकड़िया परेड में हिस्सा लेती है।

स्वतंत्रता दिवस – पंचायत

केंद्र सरकार ने 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए देशभर की पंचायतों की महिलाओं सहित चार सौ निर्वाचित प्रतिनिधियों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। इस बीच पंचायती राज मंत्रालय कल नई दिल्ली में पंचायतों में महिला नेतृत्व पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला में महिला नेताओं के लिए पंचायतों में चुनौतियों, सफलता की कहानियों और स्थानीय शासन में महिलाओं की भागीदारी बढाने के बारे में चर्चा की जाएगी।